आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 26.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- संविधान दिवस पर आज देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को देश की आधारशिला बताया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दूरदर्शी सोच से भारत को एकजुट कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- प्रदेश में मौसम का मिला जुला असर– उत्तरी हवाओं से मैदानी इलाकों में सर्दी तेज, वहीं हिल स्टेशन पर तापमान में वृद्धि ।

0000

संविधान दिवस पर आज देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला है और यह राष्ट्र को आगे बढ़ाने, औपनिवेशिक मानसिकता के स्थान पर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण स्थापित करने का मार्गदर्शक ढाँचा है।

............................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान के मार्गदर्शन में देश सुशासन और सामाजिक–आर्थिक विकास की परिवर्तनकारी यात्रा पर अग्रसर है। लोकसभा अध्यक्ष ने संविधान सभा के सभी सदस्यों के साथ, भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद और संविधान निर्माता के रूप में डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता प्रत्येक नागरिक को एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करती रहेगी। राज्य में भी संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। पुलिस मुख्यालय, जयपुर में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई और सामूहिक रूप से प्रस्तावना का वाचन किया गया। झुंझुनूं पुलिस ने भी एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर संविधान के प्रति सम्मान और कर्तव्यों के पालन की शपथ ली। बालोतरा जिले के स्कूलों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत छात्रों को संवैधानिक अधिकार, कर्तव्य और मतदान के महत्व पर जागरूक किया गया। सवाईमाधोपुर और सिरोही जिलों में भी "हमारा संविधान– हमारा स्वाभिमान" थीम पर संगोष्ठी, निबंध, और वाद–विवाद प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 हजार दो सौ अस्सी करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सिंटर्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस पहल का उददेश्य देश में हर साल छह हजार मीट्रिक टन इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट विनिर्माण शुरू करना है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट सबसे मजबूत तरह के परमानेंट मैग्नेट में से एक हैं और इलेक्ट्रिक वाहनों, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और डिफेंस एप्लीकेशन के लिए बहुत ज़रूरी हैं।

उन्होंने कहा कि योजना में रेयर अर्थ ऑक्साइड को मेटल में, मेटल को एलॉय में और एलॉय को फिनिश्ड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट में बदलने का काम शामिल है।

................

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज जयपुर में ग्लोबल सोलर एक्सपो का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 35,357 मेगावाट तक पहुँच गई है, जिसमें बीते दो वर्षों में करीब 19 हजार मेगावाट की बढ़ोतरी हुई है। यह उपलब्धि नेट–जीरो लक्ष्य की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता दर्शाती है। उन्होंने कहा कि पीएम कुसुम योजना ने किसानों को अन्नदाता के साथ–साथ ऊर्जादाता भी बनाया है। ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने बताया कि कुसुम योजना के कॉम्पोनेंट–ए में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है। दो दिन के एक्सपो में 100 से अधिक प्रदर्शक और 10 हजार से अधिक अतिथि भाग ले रहे हैं।

000

कॉनफैड ने वर्ष 2024–25 में 26 करोड़ 94 लाख रूपये का लाभ अर्जित किया है। सहकारिता सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि सदस्य संस्थाओं को साढे 7 प्रतिशत लाभांश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में अब तक 201 आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। उन्होंने सहकारी संस्थाओं द्वारा नई गतिविधियाँ शुरू करने पर जोर दिया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दूरदर्शी सोच और साहसिक निर्णयों से भारत को एकजुट कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर 'राष्ट्र प्रथम' को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने 'सरदार/150 यूनिटी मार्च' के तहत यमुना प्रवाह यात्रा को अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी कूटनीति और दूरदर्शिता से देश की 562 रियासतों का एकीकरण किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने धारा 370 हटाकर सरदार पटेल के अधूरे सपने को पूरा किया है।

000

प्रदेश में मौसम में ठंडक और गर्माहट का मिला–जुला असर देखने को मिल रहा है। जहाँ एक तरफ उत्तरी हवाओं से मैदानी इलाकों में सर्दी तेज हुई है, वहीं हिल स्टेशन पर तापमान में वृद्धि से मामूली राहत दर्ज की गई है। एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में पिछले दिनों की तुलना में ठंड से मामूली राहत मिली है। यहाँ का तापमान जमाव बिंदु के आसपास रहने के बाद आज बढ़कर 5 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया। सुबह और शाम हल्की सर्दी रही, लेकिन दिन में धूप खिलने से मौसम सुहावना बना रहा, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को राहत मिली है। वहीं, कोटा में उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण सर्दी तेज हो गई है। आज सुबह यहाँ हल्का कोहरा छाया रहा और 10 बजे तक भी धूप नहीं निकली। कोटा में पिछले छह दिनों में अधिकतम तापमान 2 डिग्री तक गिर गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 10–12 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। जयपुर में आज न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई और ये 11 दशमलव 6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग ने आगे भी तापमान में उतार–चढ़ाव की संभावना जताई है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि संघ लोक सेवा आयोग ने देश के प्रशासनिक ढांचे को मज़बूत किया है। श्री बिरला ने कहा कि यह संस्था भावी पीढ़ियों को तैयार करती रहेगी जो राष्ट्र–निर्माता के रूप में काम करेंगी और भारत को एक विकसित, नवोन्मेषी और विश्व स्तर पर अग्रणी राष्ट्र बनने की दिशा में मार्गदर्शन करेंगी। नई दिल्ली में आयोग के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि इस संस्था की दुनिया भर में एक पारदर्शी संस्था के रूप में मान्यता है।

000

गोवा में 56वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में आज मैक्सिको की नाटकीय फिल्म द डैविल स्मोक्स–एंड सेव्स द बर्न्ट मैचेज इन द सेम बॉक्स को डायरेक्टर्स बेस्ट डेब्यू फीचर फिल्म' श्रेणी के अंतर्गत दिखाया गया। निर्देशक अर्नेस्टो मार्टिनेज बुसियो फिल्म के प्रीमियर में शामिल हुए और समारोह का हिस्सा बनने पर खुशी जताई। इस फिल्म को 2025 बर्लिनाले अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में बेस्ट फर्स्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिल चुका है।

000

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटन सफारी को व्यवस्थित करने के लिए वन विभाग ने आज से पर्यटन वाहनों में ट्रैकिंग सिस्टम शुरू कर दिया है। इस सिस्टम के शुरू होने के बाद अब पर्यटक उनके वाहनों की जगह जान सकेंगे। इसके कारण पर्यटक निर्धारित समय से पहले ही बोर्डिंग प्लेस पर पहुँच सकेंगे। इससे पर्यटकों के समय की बचत होगी। यह सुविधा पर्यटन को सुगम बनाने में मदद करेगी।

000

जयपुर मिलिट्री स्टेशन के गांडीव स्टेडियम में आज स्पेशल ओलंपिक्स स्टेट गेम्स एथलेटिक्स का भव्य आयोजन हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्पेशल ओलंपिक्स विशेष बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने का मंच है। सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका नड्डा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

000